निजी कंपनी के नकली अंडर गारमेंट बिक्री का भंडाफोड़

Publish Date:Tue, 10 Apr 2018 03:01 AM (IST)

जागरण संवाददाता, कन्नौज : एक निजी कंपनी के नकली अंडर गारमेंट बेचने की सूचना पर कंपनी क

जागरण संवाददाता, कन्नौज : एक निजी कंपनी के नकली अंडर गारमेंट बेचने की सूचना पर कंपनी के सीनियर मैनेजर ने सहयोगी व पुलिस टीम के साथ नगर की अलग-अलग दुकानों पर पड़ताल की। इस दौरान दो दुकानदार पकड़े गए। कागजात नहीं दिखाने पर उनके खिलाफ कोतवाली में धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

कोलकाता के पूर्व प्रभाग पश्चिम स्थित 71 जतिन दास रोड, प्लाट संख्या 8/9 थर्ड फ्लोर लेक निवासी पुनव राय ने बताया कि वह जेजी होजरी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में सीनियर मैनेजर पद पर तैनात हैं। उनकी कंपनी अंडर गारमेंट बनाती है। इसका माल कई प्रांतों में भेजा जाता है। बताया कि यूपी के कई जिलों में नकली अंडर गारमेंट बेचने की जानकारी हुई। पड़ताल में कन्नौज का नाम सबसे पहले सामने आया। यहां एसपी किरीट राठोड़ से कापी राइट के तहत शिकायत की। इस पर सदर कोतवाली पुलिस से जांच कराई गई तो मामला सही निकला। पुनव राय व उनकी टीम ने सोमवार को एसआइ रामाज्ञा चौबे को साथ लेकर कई दुकानों पर माल देखा। यहां दो दुकानदार नकली माल बेचते मिले। कागजात मांगने पर वह लोग दिखा नहीं सके। सीनियर मैनेजर की तहरीर पर पुलिस ने मोहल्ला अजय पाल निवासी प्रकाश कुमार व सब्जी मंडी निवासी मोहम्मद अजीज के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

दुकान बंद कर भागा मुख्य आरोपी

पुनव ने बताया कि शहर की मछली मंडी में भी एक दुकान है। बड़ा व्यापारी होने की वजह से वह छोटे दुकानदारों को नकली अंडर गारमेंट देता था। यह धंधा काफी दिन से चल रहा था। टीम के वहां पहुंचने से पहले दुकानदार भाग गया। कंपनी अफसर ने पुलिस से मुख्य आरोपी पर भी कार्रवाई करने की मांग की।

मैनपुरी समेत अन्य जिलों में भी नकली कारोबार

कंपनी के अफसर ने बताया कि लोगों को नकली अंडर गारमेंट बेच लाखों रुपये कमाने का अवैध कारोबार कई जगह चल रहा है। पड़ताल में कन्नौज, मैनपुरी समेत अन्य जिले सामने आए है। कंपनी के अफसर जांच पड़ताल कर संबंधित आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करा रहे हैं। इससे नकली कारोबार बंद होगा

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/kannauj-news-matter-17802092.html